प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 17.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

......................

गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इथियोपिया के सर्वोच्च सम्मान **ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया** से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने बताया कि यह किसी विदेशी राष्ट्र द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति को दिया गया 28वां सम्मान है। यह सम्मान वैश्विक कूटनीति में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक है। इस बीच श्री मोदी ने आज इथियोपिया की संसद को संबोधित किया। उन्होंने इसे गौरव का पल बताते हुए इथियोपिया के सर्वोच्च पुरस्कार को समूचे देशवासियों को समर्पित किया।

......................

वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रदेशभर में जारी है। प्रचार रथ और विकास प्रदर्शनियों के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी नीतियां आम लोगों तक पंहुचायी जा रही है। विकास प्रदर्शनी को देखने के लिए बडी संख्या मे आमजन के साथ स्कूली विद्यार्थी भी पंहुच रहे है। इसके अलावा जिला प्रभारी मंत्री प्रेस ब्रिफिंग कर उपलब्धियों का जिक्र कर रहे है। वहीं सड़क सुरक्षा जनजागरूकता पखवाडे के तहत वाहन चालको को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए समझाइश की जा रही है। इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज जालौर दौरे का कार्यक्रम है। वे आहोर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान श्री शर्मा विभिन्न विकास कार्यो की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे फॉलोअप कैम्प का निरीक्षण कर आमलोगों से संवाद भी करेंगे।

......................

आज राष्ट्रीय पेंशन दिवस है। ये दिन पेंशन प्रणाली को मजबूत करने और पेंशन भोगियों की समस्याओं के समाधान को समर्पित है। इस दिन देशभर में पेंशनभोगियों के मुद्दों को उठाने के लिए कई कार्यक्रम रखे जाते है। इसी कड़ी में आज पाली में पेंशनर दिवस कार्यक्रम रखा गया।

......................

सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 814वें उर्स का आगाज आज होगा। अजमेर दरगाह परिसर में झंडा चढ़ाने की रस्म के साथ इसकी अनौपचारिक शुरूआत होगी। उर्स में शिरकत करने के लिए दुनियाभर से अकीदतमंदों के पंहुचने का सिलसिला शुरू हो गया है। उर्स की औपचारिक शुरूआत 22 दिसम्बर को चांद दिखने के साथ होगी। उर्स के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है।

......................

दिल्ली–मुंबई सुपर एक्सप्रेसवे पर बीती रात एक पिकअप में आग लगने से उसमें सवार तीन लोगों की जलकर मृत्यु हो गई।वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। हादसा अलवर जिले के रैणी क्षेत्र में दिल्ली से जयपुर आ रही पिकअप में आग लगने से हुआ। पुलिस के अनुसार पिकअप की किसी अन्य वाहन से टक्कर के बाद उसमें लगी भीषण आग से ये दर्दनाक हादसा हुआ। मृतको की पहचान कर ली गई है। वहीं गम्भीर रूप से झुलसे व्यक्ति को जयपुर रैफर किया गया है।

......................

प्रदेश में आज बारां, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और बीकानेर सहित कई स्थानों पर सुबह देर तक घना कोहरा छाया रहा। बीकानेर में कोहरे के कारण दृश्यता मात्र 50 मीटर रह गई और यातायात की गति काफी धीमी रही। इस बीच आज 3 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ नागौर सबसे सर्द रहा। सीकर के फतेहपुर में रात का पारा 3 दशमलव 8, बीकानेर के लूणकरणसर में 4 दशमलव 3, डूंगरपुर में 4 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। सिरोही, करौली, चूरू और वनस्थली भी 5 से 6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ काफी सर्द **बने हुए** है। वहीं राजधानी जयपुर में दिन के समय तेज धूप निकलने के कारण सुबह शाम ही ठण्ड का असर है।

......................

नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो–एन.सी.बी. के महानिदेशक अनुराग गर्ग ने मादक पदार्थो की तस्करी और नेटवर्क पर अंकुश लगाने में मीडिया की भूमिका पर जोर दिया है। उन्होंने राज्य नारकोटिक्स विरोधी टास्क फोर्स के साथ समन्वय और खुफिया जानकारी साझा करने तथा मादक पदार्थ के सेवन के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया के प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान पर जोर दिया। एन. सी.बी. के तीसरे क्षेत्रीय निदेशक सम्मेलन के दौरान क्षेत्रीय निदेशकों से बातचीत करते हुए महानिदेशक ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को निशाना बनाना ब्यूरो की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने झुग्गी–झोपड़ियों और जेलों से संचालित होने वाले मादक पदार्थों के गिरोहो पर लगाम कसने और इनमें शामिल व्यक्तियों की पहचान करने पर बल दिया। बैठक में जांच और दोषियों को सजा दिलाने के लिए अभियोजन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

......................

रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने, बुनियादी रेल ढांचे को मजबूत करने, बेहतर सफाई और रेल प्रचालन के लिए कई कदम उठाए हैं। इसी के तहत 2019 में वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत की गई थी जिसकी संख्या बढ़कर 164 हो गई है। मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत बनी इन रेलगाड़ियों में स्वचालित दरवाजे, घूमने वाली सीटें, बायो–वैक्यूम शौचालय, जी.पी.एस. आधारित यात्री सूचना प्रणाली और सी.सी.टी.वी. कैमरे लगे हैं। इसी प्रकार, वर्तमान में 26 सौ से अधिक रेलवे स्टेशन सौर ऊर्जा से चालित हैं। इससे वर्ष 2030 तक रेलवे को कार्बन उत्सर्जन रहित बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

......................